-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा सौर ऊर्जा योजना के नाम पर ऑनलाइन ठगी/ फ्रॉड के शिकार पीड़ित के खाते में कुल 135,251 रुपए कराए गए वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध/बबेरु श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सौर ऊर्जा योजना के नाम पर ठगी/फ्रॉड के पीड़ित के खाते में कुल 135251 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले नन्दकिशोर पुत्र रामेश्वर के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सौर ऊर्जा योजना के नाम पर ऑनलाइन ठगी/ फ्रॉड के माध्यम से 439238/ रुपये की धोखाधडी कर ली गई थी। जिसके संबंध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी गई थी। इसी क्रम में थाना साइबर क्राइम बांदा पुलिस टीम द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक उपरोक्त के खाते में 135251/- रुपये वापस कराये गए। तथा जल्द ही शेष रुपये वापसी के प्रयास किये जा रहे हैं।आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर थाना साइबर क्राइम बांदा पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया।

बांदा पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल अथवा संदिग्ध लेन-देन के संबंध में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें या साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

वापस करायी गई कुल धनराशि-

- 135251/ रुपये।

साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम का विवरण-

1. श्री राजेश चन्द्र मिश्रा प्र0निरी0 साइबर क्राइम पुलिस थाना
2. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
3. कां0 ललित कुमार
4. कां0 हिमांशू वर्मा
5. म0आ0 ज्योति उपाध्याय